RAF SECTOR

NEWS CLIP

10/08/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar, Jamshedpur, (JKD)

संत मेरीज : घर-घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरुआत

जमशेदपुर. आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सेंट मेरी इंग्लिश हाई स्कूल में घर-घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरुआत की गयी. इस कार्यक्रम की शुरुआत सीआरपीएफ के डिप्टी कमांडेंट राजेंद्र नाथ मल्लिक और सेंट मेरीज इंग्लिश हाई स्कूल के प्रिंसिपल फादर वर्णन डिसूजा ने संयुक्त रूप से की. इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सीआरपीएफ के जवानों को राखी बांधी और देश के वीर सपूतों के लिए राखी भेंट की. इस दौरान जय हिंद व भारत माता की जय के जयघोष किये गये. प्रिंसिपल फादर वर्णन डिसूजा ने सभी जवानों के प्रति अपना आभार जताया.

Prabhat Khabar, Jamshedpur, (JKD)

मुहर्रम को लेकर रैफ और पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

मुहर्रम के दौरान क्षेत्र में विधि व्यवस्था सुदृढ रखने के उद्देश्य से सोमवार की शाम को जिला प्रशासन, पुलिस व रैफ की ओर से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया. लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की गयी. मानगो व आजादनगर थाना क्षेत्र में रैफ द्वारा पैदल फ्लैग मार्च किया गया. वहीं शहर के अन्य क्षेत्र में एसपी सिटी के विजय शंकर की अगुवाई में फ्लैग मार्च निकाला गया. इस दौरान साकची पीसीआर से वाहनों में सभी पुलिस पदाधिकारियों ने साकची, जुगसलाई, कदमा, धातकीडीह, परसुडीह, बर्मामाइंस, गोलमुरी, टेल्को और सीतारामडेरा थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया.

Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF

106RAF DISTRIBUTED NATIONAL FLAGS UNDER "HAR GHAR TIRANGA" PROGRAMME, JAMSHEDPUR, (JKD)

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।